# अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद कानपुर देहात में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांकः 04.05.2026 को आयोजित जिला पेयजल स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 04.05.2026 को कलेक्ट्रट सभागार में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन हर घर जल कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद कानपरु देहात में फेज–2 व फेज–3 चरण में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की शासनादेश संख्या–18/2026/674/छिहत्तर–1–2026 (2027542) के अनुसार समीक्षा की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

1. श्री टी0आर0 कटारिया, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात।
2. श्री राम चन्द्र शुक्ला, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात।
3. श्री संजय सिंह, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात।
4. श्री अखण्ड प्रताप गहलोत, सहायक अभियन्ता,
5. डी0पी0एम0यू0 टीम कानपुर देहात।
6. श्री मोईन हुसैन, मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0, सीनियर इंजीनियर।
7. श्री हेमन्त तिवारी, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0, उपपरियोजना प्रबन्धक।
8. श्री वाम्सी कृष्णा, मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 परियोजना प्रबन्धक। ।
9. श्री ओ0पी0 द्विवेदी, मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 परियोजना प्रबन्धक।

समीक्षा बैठक में स्थिति निम्नवत् पाई गयीः–

1. **समस्त निर्माणाधीन, ट्राइल एण्ड रन एंव संचालन एंव अनुरक्षण मे सम्मिलित पेयजल योजनाओं की प्रगतिः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कानपुर देहात में कार्यदायी संस्था क्रमशः मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0, मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 एवं मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 है। मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0. के द्वारा वर्तमान तक 122 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 94 नग, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0 के द्वारा वर्तमान तक 186 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 150 नग, मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0, के द्वारा वर्तमान तक 167 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 42 नग, मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0. के द्वारा वर्तमान तक 29 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 06 नग पेयजल योजनाए इस प्रकार जनपद में कुल 504 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 292 नग योजनाए वर्तमान तक पूर्ण की जा चुकी है, जिसमे से 232 नग पेयजल योजनाओं का संचालन एंव अनुरक्षण मे सम्मिलित कर लिया गया है एंव 254 नग पेयजल योजनाओं का ट्राइल एण्ड रन चल रहा है। इसके अतिरिक्त 204 नग पेयजल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रगति पर है।

   पाइप लाइन बिछाने हेतु 3218 कि0मी0 के सापेक्ष 3148 कि0मी0 सड़क को पुर्ववत पुर्नस्थापित कर दिया गया है। शेष को मोटरेबल कराकर आवागमन हेतु बना दिया गया है हाइड्रोटेस्टिंग के उपरान्त उन्हे भी पूर्ववत पुर्नस्थापना करा दिया जाएगा। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद अन्तर्गत नामित 04 नग कार्यदायी संस्थाओं में से मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 एवं मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 की प्रगति सन्तोषजनक नही है जिसके दृष्टिगत् प्रगति में तीव्रता प्रदान करने हेतु सम्बन्धित एजेन्सी एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गई सड़को यथाशीघ्र पूर्ववत् पुनर्स्थापित करने के निर्देश दिये गये।

   इसके अतिरिक्त अधोहस्ताक्षरी के द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को पूर्ण योजनाओं के सत्यापन हेतु निर्देशित किया गया।

2. **ट्राइल एण्ड रन मे चल रही योजनाओं मे गैपक्लोजिंग, सर्टिफिकेशन तथा आटोमेशन के कार्य पूर्ण कराकर योजनाओं को संचालन एंव अनुरक्षण मे सम्मिलित करनाः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मे 254 नग पेयजल योजनाओं पर ट्राइल एण्ड रन चल रहा है अवशेष कार्य शीघ्र ही पूर्ण कराकर संचालन एंव अनुरक्षण मे सम्मिलित कर

लिया जाएगा। अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निर्देश दिये गये कि 254 नग ट्राइल एण्ड रन की योजनाओं को पूर्ण कराने कि कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करें। साथ ही उक्त पेयजल योजनाओं की सूची सत्यापन हेतु डी.पी.आर.ओ. को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

3. **संचालन एंव अनुरक्षण मे सम्मिलित पेयजल योजनाओं के सभी ग्रामों के "हर घर जल" प्रमाणीकरण, जलार्पण कार्यकम तथा शत–प्रतिशत् नियमित जलापूर्ति** :– अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात द्वारा अवगत कराया गया कि संचालन एंव अनुरक्षण मे सम्मिलित पेयजल योजनाओ के सभी ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण कराया जा चुका है। 62 नग ग्राम पंचायत का जलार्पण कराकर जिलाधिकारी महोदय की लागिन आई डी से Approve किया जा चुका है। जिनमे ग्राम पंचायत बरार एवं संगसियापुर मे मा0 विधायिका श्रीमती प्रतिभा शुक्ला एंव ग्राम पंचायत अगवासी तथा खालागांव में मा0 विधायक श्री अजीत सिंह पाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। 526 नग राजस्व ग्रामों मे 100 प्रतिशत् जलापूर्ति हो रही है तथा 143 नग मे 90 प्रतिशत से अधिक एंव 76 नग ग्रामो मे 90 प्रतिशत से कम जलापूर्ति हो रही है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा संचालन एंव अनुरक्षण मे सम्मिलित सभी पेयजल योजनाओं/ग्राम पंचायतो का जलार्पण कार्यकम दो माह मे पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। जिन पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति की जा रही है उनमें नियमित रूप से जलापूर्ति उपलब्ध रहे एवं योजना के अन्तिम गृह संयोजन में भी पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें।

4. **90 प्रतिशत् से 100 प्रतिशत् तथा 90 प्रतिशत् से कम जलापूर्ति वाली पेयजल योजनाओं एवं उनके सभी ग्रामों मे अवशेष कार्यो, कमियों एंव उनका निस्तारणः**– अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मे तथा 143 नग मे 90 प्रतिशत से अधिक एंव 76 नग ग्रामो मे 90 प्रतिशत से कम जलापूर्ति हो रही है। उपरोक्त पेयजल योजनाओं में अवशेष मजरों में टेस्टिंग एवं कमिश्निंग का कार्य प्रगति पर है। कार्य पूर्ण होने के उपरान्त उपरोक्त राजस्व ग्रामों में 100 प्रतिशत नियमित जलापूर्ति की जायेगी। इसके अतिरिक्त 94 नग ग्रामों मे सीधे नलकूप के द्वारा क्लोरीनयुक्त जलापूर्ति की जा रही है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जे0जे0एम0 पोर्टल के माध्यम से योजनाओं द्वारा जलापूर्ति की लाइव स्थिति का अवलोकन किया गया तथा प्राप्त होने वाली शिकायतों के समयबद्व एंव गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

5. **संचालन एंव अनुरक्षण के लिए सूचीबद्व किये गये वेन्डर के माध्यम से अनुरक्षण तथा आंशिक जलापूर्ति की पेयजल योजनाएंः**– अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि जल निगम द्वारा पूर्व से निर्मित पेयजल योजनाओं हेतु अनुरक्षण नीति–2024 के अन्तर्गत नामित कार्यदायी संस्था मेसर्स हेतवी कान्स्ट्रक्शन लि0 द्वारा 12 नग पेयजल योजनाओं एवं मेसर्स एवरेस्ट इन्फ्रा–एन0आर0 लि0 द्वारा 25 नग पेयजल योजनाओं पर संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य किया जा रहा है। उपरोक्त पेयजल योजनाओं में आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। शत् प्रतिशत जलापूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु डी.पी.आर. तैयार मुख्यालय प्रेषित किये गये है, स्वीकृति एंव अनुमोदन उपरान्त कार्यवाही की जायेगी।

6. **पाइप पेयजल योजनाओं की RPWSS (Rural Piped Water Supply Scheme) Sujalam ID:**– अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि 278 एकल ग्राम पाइप पेयजल योजनाओं (SVS) के सापेक्ष 278 की आई.डी. सृजित कर ली गई है। 277 नग बहुल ग्राम पेयजल योजना' (MVS) की आई.डी. सृजन कार्य प्रगति पर है।

7. **सुजलाम भारत ऐप के माध्यम से RPWSS (Rural Piped Water Supply Scheme) Sujalam ID के अन्तर्गत दर्शाये गये Assets की Geo-Tagging** :– अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि 20 नग पेयजल योजना पर सुजलाम भारत ऐप के माध्यम से Assets की जीयो टैगिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष जीयो टैगिंग का कार्य प्रगति पर है।

8. **पचांयत सचिव द्वारा जल सेवा आकलन हेतु VWSC कि बैठक से सम्बन्धित कार्यवृत्त जे0जे0एम0 2.0 पोर्टल पर पोर्टल अपलोड करना तथा मूल्यांकन प्रपत्र भरा जानाः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि जल सेवा आकलन माह दिसम्बर 2024 तक हर घर जल प्रमाणित 300 नग ग्राम का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष 299 नग ग्राम पंचायतों में जल सेवा आकलन मूल्यांकन प्रपत्र भरकर ई–ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से जे० जे० एम० डैशबोर्ड 2.0 पर अपलोड किया गया है, शेष 01 नग ग्राम नगर पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत है, एवं 106 नग ग्राम पंचायतों में VWSC की बैठक का कार्यवृत्त भी अपलोड कर दिया गया है। शेष कार्य प्रगतिशील है।

9. **भौतिक रूप से पूर्ण पाइप पेयजल योजनाओं का भारत सरकार द्वारा निर्गत Handing Over & Commissioning Protocol का पालन करते हुए मा० जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जल अर्पण दिवस एंव विधिवत ग्राम पंचायत को हस्तानान्तरित किया जानाः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि 05 नग पाइप पेयजल योजनाओं को भौतिक रूप से पूर्ण होने के उपरान्त भारत सरकार द्वारा निर्गत Handing Over & Commissioning Protocol का पालन करते हुए मा० जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जल अर्पण दिवस का आयोजन कराकर ग्राम पंचायत को हस्तानान्तरित किया जा चुका है, शेष पूर्ण योजनाओं हेतु कार्यवाही प्रगति पर है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सचांलन एंव अनुरक्षण मे सम्मिलित सभी पेयजल योजनाओं को Handing Over & Commissioning Protocol का पालन करते हुये हस्तानान्तरित करने के निर्देश दिये गये।

10. **जनपद अन्तर्गत पेयजल योजनाओं पर निष्पादित कराये जा रहे कार्यो की निगरानी को सुदढ करने हेतु थर्ड पार्टी इन्सफेक्शन एजेंसियों (TPIA) द्वारा किये जाने वाले निरीक्षण एवं अन्य कार्यः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजना मे प्रयुक्त होने वाली सामग्री एंव निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का नियमित परीक्षण टी.पी.आई. के द्वारा किया जाता है। इसके अतिरिक्त पूर्ण योजनाओं एंव ओ.एण्ड.एम. में जाने वाली योजनाओं का भी अनुश्रवण किया जाता है।

11. **पूर्व से निर्मित Fully-functional, Partially Functional, Non-Functional योजनाओं को अधिक से अधिक क्रियाशील कराकर उनके माध्यम से नियमित एवं गुणवत्ता युक्त जलापूर्तिः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व से निर्मित 42 नग पेयजल योजनाओं मे से 37 नग पेयजल योजनाओं मे आंशिक जलापूर्ति तथा 06 नग बंद श्रेणी में है, जिनको आंशिक श्रेणी में लाने की कार्यवाही प्रगतिशील है।

12. **FTK प्रशिक्षित महिलाओं के माध्यम से जल गुणवता की नियमित जांच कराते हुए परिणाम को WQMIS पोर्टल पर अपडेट किये जाने तथा जहां जल गुणवत्ता परीक्षण में सन्दूषण पाया जाए वहां तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही करनाः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में 27891 जल नमूनों का परीक्षण प्रारंभ किया जाएगा तथा 2026–27 हेतु FTK किट प्राप्त होने के बाद जल नमूनों का परीक्षण प्रारंभ किया जाएगा।

13. **ग्रामों में शत–प्रतिशत पेयजल गृह संयोजन प्रदान किए जा चुके हैं, उन ग्रामों में नियमित एवं सुचारू जलापूर्ति एवं 'हर घर जल' घोषित करना तथा जो ग्राम हर घर जल घोषित कर दिए गए है, उनको हर घर जल प्रमाणित किया जानाः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अन्तर्गत 627 नग ग्रामों में शत् प्रतिशत गृह संयोजन कराकर 'हर घर जल' घोषित है, जिनमें 382 नग ग्रामों का प्रमाणीकरण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। अवशेष 245 नग ग्रामों में हर घर जल प्रमाणीकरण का कार्य प्रगतिशील है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि डी.पी.आर.ओ. से समन्वय स्थापित का 'हर घर जल' घोषित ग्रामों के 'हर घर जल' प्रमाणीकरण की कार्यवाही पूर्ण करें।

14. **पूर्ण पाइप पेयजल योजनाओं का ट्रायल रन पूर्ण कराते हुए संचालन एवं अनुरक्षण प्रारम्भ किया जानाः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद

मे जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है। उनका ट्रायल रन पूर्ण करते हुए संचालन एवं अनुरक्षण हेतु कार्य प्रगतिशील है।

15. **जल जीवन मिशन के अन्तर्गत रोड रेस्टोरेशन, पाइप लाइन लीकेज आदि से संबंधित समस्त शिकायतों (Grievance Redressal) का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जानाः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि पोर्टल पर कुल 1558 नग शिकायतें प्राप्त हुयी जिनके सापेक्ष 1387 नग शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। 171 नग अवशेष शिकायतों को निस्तारित कराये जाने की कार्यवाही प्रगति पर है।

16. **जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठकों से सम्बन्धित कार्यवृत्त को JJM-2.0 पोर्टल (https://ejalshakti.gov.in/jjm2) पर अपलोड कराया जानाः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठकों से सम्बन्धित कार्यवृत्त को JJM-2.0 पोर्टल (https://ejalshakti.gov.in/jjm2) पर वर्तमान तक 03 बैठको का कार्यवृत्त अपलोड कराया जा चुका है।

17. **प्रश्नगत् पाइप पेजयल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण तथा दीर्घ कालिक स्थायित्व हेतु जिला तकनीकी इकाई स्थापित किये जाने के निर्देश शासनादेश संख्या– 7/2026/493/छिहत्तर– 1–2026 (2027542) दिनांक 28 फरवरी 2026 द्वारा दिये गये है, उक्त निर्देशों का अनुपालन :–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि तकनीकी इकाई स्थापित करने हेतु पत्रावली तैयार कर प्रस्तुत की गई।

18. **जल सारथी ऐप (Jal Sarthi App) का व्यापक प्रचार–प्रसार एवं ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान, ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों एवं आम जनमानस से डाउनलोड कराकर जल जीवन मिशन से सम्बन्धित ग्राम स्तरीय/जिला स्तरीय/राज्य स्तरीय आंकड़ों का अवलोकन करने तथा जल सेवाओं के सम्बन्ध में आवश्यक फीडबैक देने हेतु प्रोत्साहित किया जानाः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि वी.डब्यू.एस.सी. सदस्य ग्रामवासियों को जल सारथी ऐप पर अपलोड कराकर संचालन के बारे मे अवगत कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। खण्डान्तर्गत समस्त अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा ऐप डाउनलोड कर लिया गया है।

19. **ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल संकट की रोकथाम एवं आवश्यकता के अनुरूप डायरेक्ट वॉटर सप्लाई के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जानाः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि 745 नग राजस्व ग्रामों में पेयजल योजनाओं के माध्यम से तथा डायरेक्ट वॉटर सप्लाई के माध्यम से क्लोरीनयुक्त पेयजल उपलब्ध कराया जाता है तथा ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत विगत् वर्षो की भांति पेयजल संकट की रोकथाम हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है तथा जनपद में सार्वजनिक स्थानों में जगह–जगह प्याऊ/जल सेवा केन्द्र की व्यवस्था की है।

20. **जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में निर्मित पेयजल योजनाओं के Source Sustainability Plan का पुनरीक्षणः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कानपुर देहात की समस्त ग्रामीण पेयजल योजनाओं को 30 वर्ष की अवधि के लिये डिजाइन किया गया है जिसके अनुसार Source Sustainability Plan खण्ड कार्यालय (सिविल एवं वि0/यां0) द्वारा संयुक्त रूप से वृहद अध्ययन कर तैयार किया गया है। यह भी अवगत कराया गया कि जनपद में वार्षिक भूजल पुनर्भरण, प्रस्तावित जल दोहन की तुलना में पर्याप्ततः अधिक है तथा रिचार्ज प्रतिशत सुरक्षित सीमा में है, तथा जनपद के समस्त Source Sustainable पाये गये तथा Aquifer पर अत्यधिक दबाव की सम्भावना नही है। योजना के अन्तर्गत रिचार्ज पिट का प्राविधान किया गया है जिसके साथ ही सोक पिट तालाबों का संरक्षण एवं पुर्नजीवन, वर्षा जल संचयन प्राकृतिक रिचार्ज को बढ़ावा आदि के द्वारा भी के माध्यम से भी भूजल पुनर्भरण हो रहा है। समिति को यह भी बताया गया कि जल संरक्षण एवं स्त्रोत स्थिरता बनाये रखने हेतु ग्राम पंचायत, VWSC, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के समन्वय से नियमित रूप से आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा Source Sustainability Plan को अनुमोदित किया गया।

**परियोजनाओं की गहन समीक्षा के उपरान्त उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी निर्देश दिये गये जिसका विवरण निम्नवत् है:–**

1. वे योजनाएं जिनका इन्ट्रीग्रेसन नही कराया गया है उन योजनाओं द्वारा जलापूर्ति की स्थिति के सत्यापन हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को सूची उपलब्ध करा दी जाए।
2. संचालन एंव अनुरक्षण मे सम्मिलित योजनाओं के हाउस कनेक्शन के सत्यापन हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को विवरण उपलब्ध कराया जाए।
3. जिन योजनाओं के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं हो पायी है अथवा विवादित है के निराकारण हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से व्यक्तिगत सम्पर्क स्थापित कर पेयजल योजनाओं हेतु भूमि का प्रस्ताव प्राप्त करना सुनिश्चित करें।
4. जनपद अन्तर्गत निर्माणाधीन शिरोपरि जलाशय मे गुणवत्तापूर्वक कार्य का निष्पादन कराना सुनिश्चित करें साथ ही शासन द्वारा नियुक्त टी.पी.आई. के क्वालिटी इंजीनियर को यह निर्देशित किया गया कि निर्माण के दौरान नियमित जांच कराना सुनिश्चित करें।
5. सभी पेयजल योजनाओं के शिरोपरि जलाशय के स्टेयर केस मे गेट लगाना सुनिश्चित करें जिससे किसी भी अप्रिय घटना कि सम्भावना से बचा जा सकें।
6. संचालन एंव अनुरक्षण मे सम्मिलित योजनाओं की सूची जिला पंचायत राज अधिकारी को रोड रेस्ट्रोरेशन सत्यापन हेतु उपलब्ध करायी जाए।
7. जिन पेयजल योजनाओं पर विद्युत आपूर्ति बाधित है, उसके सम्बन्ध में विद्युत विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की जाये।
8. संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित योजनाओं में नलकूपो हेतु आवश्यक क्षमता का 01 नग Stand By सबमर्सिबल मोटर उपलब्ध कराया जाए जिससे मोटर खराब होने पर जलापूर्ति बाधित न हो।
9. जनपद अन्तर्गत जर्जर अवर जलाशयों का ध्वस्तीकरण कराया जाए, जिससे दुर्घटना की सम्भावना न हो। इस सम्बंध मे अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मे 05 नग अवर जलाशयों को ध्वस्त किया जाना था जिसके सापेक्ष 04 नग अवर जलाशयो का ध्वस्तीकरण कराया जा चुका है तथा 01 नग मूसानगर पेयजल योजना को ध्वस्त किया जाना शेष है। जिसके दृष्टिगत निर्देशित किया गया कि उक्त शिरोपरि जलाशय अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत मूसानगर से सम्पर्क कर ध्वस्त कराना सुनिश्चित करें।

(कपिल सिंह)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
जनपद–कानपुर देहात।

पत्रांक दिनांक

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, कानपुर देहात।
2. अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समीक्षा बैठक के दौरान दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।
3. टी0पी0आई0 टीम, कानपुर देहात।
4. डी0पी0एम0यू0 टीम कानपुर देहात।
5. मैं0 इण्डियन ह्यूम पाइप लि0, सहायक महाप्रबन्धक।
6. मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0, परियोजना प्रबन्धक।
7. मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 परियोजना प्रबन्धक।
8. मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 परियोजना प्रबन्धक।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
जनपद–कानपुर देहात।